कार्यालय पुलिस उपायुक्त काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक-14.09.2023

थाना लंका पुलिस द्वारा चोरी की मोटरसाइकिल के साथ शातिर वाहन चोर गिरफ्तार।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय कमिश्नेरट वाराणसी द्वारा वाहन चोरी की बढ़ती घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने एवं चोरी हुए वाहनों की बरामदगी हेतु दिये गये निर्देशों के अनुपालन में श्रीमान् पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में थाना लंका पुलिस द्वारा सीसीटीवी फूटेज एवं मुखबिर खास की सूचना के आधार पर मु0अ0सं0- 361/2023 धारा 379/411 भादवि थाना लंका से सम्बन्धित एक व्यक्ति को दिनांक 14.09.2023 को समय 10.50 बजे जजेज गेस्ट हाउस के पास से मय वाहन के घेरघार कर पकड़ लिया गया जिसके कब्जे से बरामद मोटरसाइकिल के सम्बन्ध में कागजात मांगा गया तो बताया कि साहब ये मोटरसाइकिल चोरी की है जिसको मैने दो तीन दिन पहले बालाजी एक्सटेंशन से चुराया था। नाम पता पूछने पर अपना नाम राहुल जायसवाल पुत्र स्व मुन्ना जायसवाल निवासी ग्राम सिहोरिया थाना चाँद जनपद कैमूर बिहार उम्र करीब 28 वर्ष बताया। पकड़े गए अभियुक्त को आपराध का बोध कराते हुए हिरासत पुलिस में लिया गया। आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

अपराध विवरण- मु0अ0सं0 361/2023 धारा 379/411 भादवि थाना लंका कमिश्नरेट वाराणसी।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम-पता- राहुल जायसवाल पुत्र स्व मुन्ना जायसवाल निवासी ग्राम सिहोरिया थाना चाँद जनपद कैमूर बिहार उम्र करीब 28 वर्ष।

गिरफ्तारी का दिनांक व समय- दिनांक- 14/09/2023 को समय 10.50 बजे जजेज गेस्ट हाउस के पास।

विवरण बरामदगी 01 अदद मोटरसाइकिल स्पलेण्डर संख्या TS 09ER 0848 व चेसिस नम्बर MBLHA10CGGHHA5651 इंजन नम्बर HA10ERGHH40755 बरामद।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 रामपूजन बिन्द, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 जितेन्द्र कुमार मौर्य, चौकी प्रभारी नगवा, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
3. का0 आदित्य कुमार तिवारी, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
4. का0 विजय कुमार शुक्ला, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
कार्यालय पुलिस उपायुक्त,
जोन काशी कमिश्नरेट वाराणसी